SRG HOUSING FINANCE LIMITED™

info@srghousing.com

www.srghousing.com

**Date: November 13, 2025**

**To,**

**National Stock Exchange of India Ltd**
**Exchange Plaza, C-1, Block G,**
**Bandra Kurla Complex,**
**Mumbai-400051**
**Scrip Symbol- SRGHFL**

**BSE Limited**
**1st Floor, P.J. Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai-400001**
**Scrip Code – 534680**

**Dear Sir/Madam,**

**Sub: Copies of Newspaper Clippings Containing Un-Audited Financial Results for The Quarter and Half Year ended September 30, 2025**

Pursuant to the captioned subject, we are enclosing herewith copies of newspaper clipping containing Un-audited Financial Results for the Quarter and Half Year Ended September 30, 2025 Published on November 13, 2025 in financial Express-Delhi Edition (English) and Nafa Nuksan (Hindi).

This is for your information and record

Thanking You

With Regards

**For SRG HOUSING FINANCE LIMITED**

Divya Kothari

Digitally signed by Divya Kothari
Date: 2025.11.13 12:03:32 +05'30'

**Divya Kothari**
**Company Secretary**
**M No A57307**

Enclosed: -a/a

## For Your Information

### Number of languages by country:




Papua New Guinea: 840
Indonesia: 710
Nigeria: 524
India: 453
USA: 335
Australia: 319
China: 305 Mexico: 292
Cameroon: 275
Brazil: 228 Canada: 195
Philippines: 191
Russia: 159
Germany: 95
Pakistan: 85
UK: 85 Iran: 84
Turkey: 54 Israel: 53
Netherlands: 50
Venezuela: 48
Ukraine: 48
Kazakhstan: 48
Italy: 47 Norway: 47
South Africa: 42
France: 42
Argentina: 40
Denmark: 39
Sweden: 37 Austria: 36
Spain: 34 Poland: 27
UAE: 27
Saudi Arabia: 25
Egypt: 23 Japan: 19
Ireland: 13 Belarus: 11
South Korea: 5
Iceland: 2 Vatican: 2
North Korea: 1

According to the 22nd edition of Ethnologue (2019)

Compiled by Nafanuksan Research

## अमृत वचन



धरती पर जितनी जरूरत हरियाली की है, जिंदगी में उतनी ही जरूरत खुशहाली की है। परिस्थिति बदलने पर मनःस्थिति पॉजिटिव रखें तो परिस्थिति का सामना करना आसान रहेगा।

- श्री चन्द्रप्रभ

## Thoughts of the time

No one's happiness but my own is in my power to achieve or to destroy. -Ayn Rand

The more you sweat in peacetime, the less you bleed during war. - Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

**घड़ै है घिलोड़ी बणगी घेग**

**घड़ रहा था घिलोड़ी, बन गया कलश**

- जब किसी काम की शुरुआत एकदम छोटे से हो पर बाद में धीरे-धीरे वह बहुत बड़े काम का रूप धारण कर ले तब।

*-स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

## स्मार्टफोन मार्केट फाइव ईयर के पीक पर पहुंचा

**नई दिल्ली@एजेंसी।** इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन (आईडीसी) की ओर से डेटा के अनुसार, भारत का स्मार्टफोन मार्केट 2025 की तीसरी फेस्टिव तिमाही में पांच वर्ष के उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो कि सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करवाते हुए 48 मिलियन यूनिट हो गया। टेक कंपनी एप्पल ने भारत में 2025 की तीसरी तिमाही में 5 मिलियन यूनिट तक पहुंचकर अपनी सबसे अधिक तिमाही शिपमेंट दर्ज करवाई है। इसी के साथ एप्पल का नाम बाजार में पहली बार चौथे स्थान पर दर्ज किया गया है।

आईफोन मेकर ने गत और नए मॉडल्स को लेकर निरंतर मांग के चलते सालाना आधार पर 25.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज करवाई है। इस तिमाही में आईफोन 16 भारत में सबसे ज्यादा शिप किए जाने वाला स्मार्टफोन रहा, जिसने कुल मार्केट शिपमेंट में 5 प्रतिशत का योगदान दिया। न्यूली लॉन्च आईफोन 17 सीरीज और आईफोन एयर का रिकॉर्ड-ब्रेकिंग डेब्यू रहा, जिसने एप्पल की तीसरी तिमाही के शिपमेंट में 16 प्रतिशत का योगदान दिया। यह कंपनी के लिए 2021 के बाद से किसी भी आईफोन लॉन्च को लेकर सबसे मजबूत लॉन्च-तिमाही प्रदर्शन रहा।

### जुलाई-सितंबर 2025 क्वार्टर

# जयपुर बेस्ड एनबीएफसी कंपनी एसके फाइनेंस का प्रॉफिट 13.38 फीसदी बढ़कर 91 करोड़ रुपए दर्ज

**जयपुर@कॉर्प संवाददाता**

**कंपनी का एयूएम 30 सितंबर 25 तक 14000 करोड़ रुपए के पार पहुंचा**




इंडिया की प्रमुख नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी जयपुर बेस्ड एसके फाइनेंस लिमिटेड ने जुलाई-सितंबर 2025 क्वार्टर के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी किए हैं, जिसमें कंपनी का फाइनेंशियल परफॉर्मेंस अच्छा दर्ज किया गया है। जुलाई-सितंबर 2025 क्वार्टर में कंपनी का नेट प्रॉफिट 13.38 फीसदी बढ़कर 91.59 करोड़ रुपए दर्ज किया गया, जो पिछली समान अवधि में 80.78 करोड़ रुपए था। सितंबर 2025 क्वार्टर में कंपनी की ऑपरेटिंग रेवेन्यू 19 फीसदी बढ़कर 700.33 करोड़ रुपए हो गई, जो सितंबर 2024 क्वार्टर में 588.55 करोड़ रुपए थी।

इस दौरान कंपनी की नेटवर्थ 3,694.9 करोड़ रुपए और ईपीएस 6.82 रुपए रही। कंपनी का डेट-इक्विटी रेशियो 3.32 दर्ज हुआ। वहीं अप्रैल-सितंबर 2025 छमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 21 फीसदी बढ़कर 179 करोड़ रुपए हो गया। 30 सितंबर 2025 तक कंपनी की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (AUM) 21 फीसदी बढ़कर 14362 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो 30 सितंबर 2024 को 11850 करोड़ रुपए था। वहीं अप्रैल-सितंबर 2025 छमाही में कंपनी का Disbursement 13 फीसदी बढ़कर 4370 करोड़ रुपए रहा, जो पिछली समान अवधि में 3881 करोड़ रुपए था। गौरतलब है कि एस.के.फाइनेंस मुख्य रूप से सेमी-अर्बन व रूरल क्षेत्रों में व्हीकल फाइनेंस, एसएमई लोन व बिजनस लोन पर फोकस करती है।



**इनका कहना है :** छोटे शहरों और ग्रोथ कॉरिडोर से डिमांड बेहतर रही है। एसेट क्वालिटी स्थिर हो रही है, जिससे दूसरी छमाही के लिए संकेत पॉजीटिव हैं। कंपनी की प्रजेंस अब 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में 675 से अधिक ब्रांचेज और 12,500 से अधिक कर्मचारियों की सशक्त टीम है। रूरल डिमांड, बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और एग्रीकल्चरल मशीनीकरण के चलते कंपनी को लॉन्ग टर्म क्रेडिट ग्रोथ की उम्मीद है।

*- **राजेंद्र कुमार सेतिया,** एमडी, एसके फाइनेंस लि.*

# राजस्थान में क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक मिनरल खोज की 40 परियोजनाओं पर काम करेगा जीएसआई

**स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक**




**जयपुर@का.सं.।** स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक में आगामी वर्ष के मिनरल अन्वेषण कार्यों को अनुमोदित किया गया।

प्रमुख सचिव खान एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने कहा है कि क्रिटिकल, स्ट्रेटेजिक व रेयर अर्थ एलिमेंट खनिजों के दृष्टि से भी राजस्थान देश का प्रमुख खनिज संपदा वाला प्रदेश है। ऐसे में जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, एटोमिक एनर्जी डिपार्टमेंट, मिनरल एक्सप्लोरेशन, आरएसएमईटी और खान व भूविज्ञान विभाग सहित राज्य में काम कर रही केन्द्र व राज्य की खनिज खोज कार्य में जुटी संस्थाओं को बेहतर समन्वय और सहयोग से कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में राजस्थान के खान विभाग द्वारा लाइमस्टोन, डेकोरेटिव स्टोन, फैरस मेटल, आरईई, औद्योगिक खनिजों सहित खनिजों की खोज की 37 परियोजनाओं पर एक्सप्लोरेशन का कार्य किया जाएगा। वहीं जीएसआई प्रदेश में खनिज खोज की 80 परियोजना पर कार्य करेगा जिसमें 40 से 42 परियोजनाएं क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल की परियोजनाएं शामिल की गई है। राजस्थान में क्रिटिकल मिनरल की दृष्टि से सिवाणा रिंग क्षेत्र संभावनाओं से भरा इलाका है और इसके साथ ही सीकर के रोहिला सहित आसपास के क्षेत्र में यूरेनियम के भण्डार उपलब्ध है। बांसवाड़ा के आसपास के क्षेत्र में एसोसिएटेड आयरन मिनरल सहित गोल्ड के भण्डार उपलब्ध है। बीकानेर-नागौर बेल्ट में पोटाश के भण्डार है। प्रमुख सचिव रविकान्त 60 वीं स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान माइनिंग सेक्टर में आज देश का अग्रणी प्रदेश हो गया है और मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन में पहला स्थान प्राप्त करने के साथ ही 8 प्री एम्बेडेड ब्लॉको की ऑक्शन प्रक्रिया शुरु कर नया माइलस्टोन बनाने जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### देवड़ा हुंडई शोरूम पर नई एसयूवी हुंडई VENUE की लॉन्चिंग




**जोधपुर@नि.सं.।** हुंडई मोटर इंडिया के अधिकृत डीलर देवड़ा हुंडई शोरूम पर अपनी बहुप्रतीक्षित नई एसयूवी हुंडई VENUE (Hyundai VENUE) को शानदार समारोह में आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह कार्यक्रम देवड़ा हुंडई, न्यू पावर हाउस स्थित डीलरशिप पर एक साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में देवड़ा हुंडई ग्रुप के एमडी किशन सिंह देवड़ा व ओम कुमारी देवड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अतुल भंसाली ने नई VENUE का अनावरण किया और कहा कि जोधपुर में इस तरह के आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत वाहनों का आगमन शहर के लिए गौरव की बात है। देवड़ा हुंडई के डायरेक्टर विवेक देवड़ा ने बताया कि नई हुंडई ङ्कश्वहृश्व चार वेरिएंट्स में उपलब्ध है। इसमें एक डीजल इंजन (1493 सीसी) और दो पेट्रोल इंजन (1197 सीसी एवं 998 सीसी) के विकल्प दिए गए हैं। यह कार ऑटोमैटिक और मैनुअल ट्रांसमिशन दोनों में उपलब्ध है। वेरिएंट और फ्यूल टाइप के अनुसार VENUE की माइलेज 17.9 से 20.99 किमी/लीटर तक है। नई VENUE में यात्रियों की सुरक्षा और आराम को प्राथमिकता दी गई है, जो इसे अपने सेगमेंट की सबसे संपूर्ण एसयूवी बनाती है। VENUE का डिजाइन और तकनीक नई पीढ़ी के ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसकी स्टाइलिंग पहले से अधिक डायनामिक है और इसका टेक-इंस्पायर्ड केबिन हर ड्राइव को खास बनाता है। कार्यक्रम का संचालन ए. के. जोशी एवं अजीत सिंह टाक द्वारा किया गया।

### जुलाई-सितंबर 2025 क्वार्टर : मयूर यूनीकोटर्स की रेवेन्यू 13.45 फीसदी बढ़कर 253 करोड़ रुपए दर्ज

MAYUR UNIQUOTERS LIMITED

**जयपुर@कॉ.सं.।** जयपुर बेस्ड मयूर यूनीकोटर्स लिमिटेड प्रमुख रूप से ऑटो, फुटवियर और कपड़े आदि सामानों के लिए सिंथेटिक लेदर बनाती है, जिसने हाल ही में जुलाई-सितंबर 2025 एवं अप्रैल-सितंबर 2025 छमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जिसमें कंपनी का अच्छा परफॉर्मेंस दर्ज किया गया है। जुलाई-सितंबर 2025 क्वार्टर की बात करें तो कंपनी की ऑपरेटिंग रेवेन्यू जहां 13.45 फीसदी बढ़कर 253 करोड़ रुपए हो गई, जो जुलाई-सितंबर 2024 क्वार्टर में 223 करोड़ रुपए थी। कंपनी का नेट प्रॉफिट 2.51 फीसदी बढ़कर 40.84 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछली समान अवधि में 39.84 करोड़ रुपए था। इस दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन 22 फीसदी से बढ़कर 25 फीसदी हो गया। सितंबर 2025 क्वार्टर में कंपनी की प्रति शेयर आय (ईपीएस) भी 9.09 रुपए से बढ़कर 9.40 रुपए दर्ज की गई। वहीं अप्रैल-सितंबर 2025 छमाही में कंपनी की ऑपरेटिंग रेवेन्यू 9 फीसदी बढ़कर 488.58 करोड़ रुपए दर्ज की गई, जो पिछली समान अवधि में 447.13 करोड़ रुपए थी। इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 5.64 फीसदी बढ़कर 81.57 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछली समान अवधि में 77.21 करोड़ रुपए था। कंपनी के शेयर बुधवार को बीएसई पर 529.90 रुपए के लेवल पर बंद हुए। वर्तमान में कंपनी का मार्केट कैप 2346 करोड़ रुपए का है।

## नेशनल • इंटरनेशनल

# प्राइवेट हॉस्पीटेल सेक्टर का आकार 2030 तक लगभग डबल होने का अनुमान

**नई दिल्ली@आईएएनएस**

भारत के निजी अस्पताल क्षेत्र का आकार 2025 के अनुमानित 122.3 अरब डॉलर से बढ़कर 2030 तक 202.5 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ब्रिकवर्क रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत को 24 लाख अतिरिक्त हॉस्पिटल बेड की आवश्यकता है, जिसके लिए करीब 2 अरब वर्ग फुट जगह की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ती मांग, निजी निवेश, सरकारी पहलों और एआई व टेलीमेडिसिन जैसी तकनीकों को अपनाने से यह क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ेगा। इस क्षेत्र ने 2025 की तीसरी तिमाही में 3.5 अरब डॉलर मूल्य के 72 सौदे दर्ज किए, जो कुल सौदों के मूल्य में तिमाही आधार पर 166 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में, भारत के अस्पताल क्षेत्र में महत्वपूर्ण विलय और अधिग्रहण (एम एंड ए) हुए, जो निवेशकों की मजबूत रुचि और देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स के रिसर्च हेड ने कहा कि मजबूत मांग, मजबूत वित्तीय प्रदर्शन, जोखिम प्रबंधन और प्रमुख अस्पताल समूह की ओर से मजबूत विस्तार रणनीतियों के कारण भारत में निजी अस्पताल उद्योग की क्रेडिट रेटिंग सकारात्मक रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत का मेडिकल ट्यूरिज्म बाजार, जिसका मूल्य 2025 में 8.7 बिलियन डॉलर था, 2030 तक लगभग दोगुना होकर 16.2 बिलियन डॉलर हो जाएगा, जो कि सस्ती, उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल और सुव्यवस्थित वीजा प्रक्रियाओं के कारण संभव होगा।

मेडिकल ट्यूरिज्म इंडेक्स में दसवें स्थान पर मौजूद भारत ने 2023-24 में 7.3 मिलियन विदेशी मरीजों को आकर्षित किया, जो विशेष उपचारों की बढ़ती मांग को दिखाता है। रिपोर्ट में कहा गया कि प्रमुख अस्पतालों ने एआरपीओबी (एवरेज रेवेन्यू पर ऑक्यूपाइड बेड) में वृद्धि दर्ज की है, जो अब लगभग 38,000 रुपए से बढ़कर 74,000 रुपए प्रति बेड प्रति दिन हो गया है। इसमें आगे कहा गया है कि विशेषज्ञता और भुगतानकर्ता मिश्रण में सुधार और उच्च-मूल्य वाली प्रक्रियाओं की बढ़ती मांग के कारण आने वाले वर्षों में एआरपीओबी में वृद्धि होने की उम्मीद है।

# 86 प्रतिशत किसान टेक्नोलॉजी इनोवेशन की पहुंच से बाहर

**नयी दिल्ली@एजेंसी।** भारत को टेक्नोलॉजी से अभी भी अछूते अधिकांश किसानों तक पहुंचने के लिए खंडित एग्री इनोवेशन से हटकर राज्य-स्तरीय परीक्षण मंच और एकीकृत डेटा ढांचे के माध्यम से प्रणालीगत एकीकरण की ओर बढ़ना होगा। उद्योग मंडल एसोचैम की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। उद्योग निकाय ने कहा कि 86 प्रतिशत किसान अभी भी अधिकांश कृषि-प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण की पहुंच से बाहर हैं, और प्रौद्योगिकी के सत्यापन, व्यावसायीकरण और छोटे किसानों तक उनकी पहुंच के तरीके में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है। रिपोर्ट में है कि भविष्य के लिए तैयार कृषि प्रणाली की ओर भारत की यात्रा इस बात से परिभाषित होगी कि वह प्रौद्योगिकी को समावेशन के साथ, डेटा को निर्णय लेने के साथ और नवाचार को प्रभाव के साथ कितनी प्रभावी ढंग से एकीकृत करता है। रिपोर्ट में वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों में प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए सहयोगी परीक्षण स्थल के रूप में काम करने को राज्य-स्तरीय कृषि-तकनीकी सैंडबॉक्स स्थापित करने की सिफारिश की गई है। प्रस्तावित सैंडबॉक्स सरकारी एजेंसियों, स्टार्टअप और अनुसंधान संस्थानों को पूर्ण पैमाने पर तैनाती से पहले समाधान को सत्यापित करने के लिए एक साथ लाएंगे। 90 से ज़्यादा आईसीएआर संस्थान, 60 राज्य कृषि विश्वविद्यालय और 700 से ज़्यादा कृषि विज्ञान केंद्र होने के बावजूद, भारत में उभरती कृषि प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए एक एकीकृत प्रणाली का अभाव है। वर्तमान तंत्र खंडित व धीमा बना हुआ है, जिससे नवाचार के लिए स्पष्ट सत्यापन के रास्ते नहीं खुल पा रहे हैं। प्रत्येक सैंडबॉक्स राज्य कृषि विभागों के भीतर स्थापित होगा, जिसमें आईसीएआर संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और नाबार्ड सहित संबद्ध विभागों और भागीदारों की हिस्सेदारी होगी।

**SRG HOUSING FINANCE LIMITED**
**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
CIN: L65922RJ1999PLC015440
321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)
दूरभाष : +91-294-2561882, 2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**अपरिक्षित वित्तीय परिणाम - तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि जो 30 सितंबर, 2025 को समाप्त हुई**

SRG हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ("कंपनी") के अपरिक्षित वित्तीय परिणाम, साथ ही कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों की सीमित समीक्षा रिपोर्ट, तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि जो 30 सितंबर, 2025 को समाप्त हुई, के लिए कंपनी की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा बुधवार, 12 नवम्बर, 2025 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित की गई। यह अनुमोदन सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोज़र रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 के विनियम 33 और विनियम 52 के अनुसार किया गया है।

उपरोक्त अपरिक्षित वित्तीय परिणाम तथा उन पर वैधानिक लेखा परीक्षकों की सीमित समीक्षा रिपोर्ट, बीएसई (www.bseindia.com) और एनएसई (www.nseindia.com) की वेबसाइटों पर, साथ ही कंपनी की वेबसाइट www.srghousing.com पर उपलब्ध हैं। इन्हें नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।

कंपनी की वेबसाइट पर परिणाम देखने के लिए QR कोड स्कैन करें

स्थानः - उदयपुर
तारीखः - 13.11.2025

एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए
Sd/-
विनोद के. जैन, प्रबंध निदेशक
DIN: 00248843

**DY. CONSERVATOR OF FOREST WILDLIFE JAIPUR**
File No.F03(69)Store/DCFWL/2024-25/ Date

**Notice Inviting E-Bid-17/2025-26**

Construction of Water Harvesting Structures (WHS) at katiya Nala, Anicut Type-II at Sainthal Nala and Anicut Type-III at Samra Jungle Range Ajabgarh (As Per G-Schedule) are invited from interested bidders from 06.11.2025 (5:00 P.m.) to 20.11.2025 (10:00 a.m.). Other particulars of the bid may be visited on the SPPP portal (http://sppp.raj.nic.in) on the state. The approximate value of the procurement is Rs **1515260**/-

**UBN** FOR2526WSOB03165
**DIPR/C/16528/2025**

**Dy. Conservator of Forest**
Wildlife Jaipur

**इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान**
**(राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान)**
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
दूरभाष : 0141- 2706577-78 फैक्स : 2706571
Web: www.igprgvs.rajasthan.gov.in, Mail: igprgvs@rajasthan.gov.in
क्रमांक:-F-4( )भण्डार/सीटी/मेनपॉवर/आईजीपीआरएस/2025-26/3157-61 दिनांक :- 4.11.2025

**ई-निविदा**

संस्थान में वाहन किराये पर आपूर्ति कार्य हेतु पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी बिड़दाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

| कार्य का विवरण | वाहन किराये पर आपूर्ति कार्य |
|---|---|
| अनुमानित कुल राशि (वार्षिक) | 20,00,000/- |
| बिड प्रपड़ शुल्क | 1000/- |
| बोली प्रतिभूति राशि | 40,000/- |
| ई-निविदा शुल्क | 1,000/- |
| बिड प्रपत्र उपलब्ध होने की दिनांक | 04.11.2025 |
| बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 13.11.2025 को मध्यान्ह पश्चात 01:00 बजे तक |
| बिड खोलने जाने की तिथि व समय | दिनांक 13.11.2025 का सायं 03:00 बजे |
| बिड प्रपत्र एवं शर्तें प्राप्त किये जाने वाली वेबसाईट | www.igprgvs.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in से Donwnload किया जा सकता है। |

NIB Code :- PGV2526A0013
UBN :- PGV2526SLOB00017
DIPR/C/16440/2025

(रामस्वरूप)
अतिरिक्त निदेशक

**COMPUCOM Software Limited**
**कम्प्यूकॉम सॉफ्टवेयर लिमिटेड**
CIN:- L72200RJ1995PLC009798
पंजीकृत कार्यालय: आईटी: 14-15 ईपीआईपी, सीतापुरा, जयपुर-302022 (राजस्थान) (इण्डिया)
फोन: 0141-4867353, ई-मेल: cs@compucom.co.in,
वेबसाइट: www.compucom.co.in

**30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण**

लेखा परीक्षा समिति की सिफारिशों के आधार पर, कंपनी के निदेशक मंडल ने बुधवार, 12 नवंबर 2025 को आईटी-14-15, ईपीआईपी, सीतापुरा, जयपुर- 302022 (राजस्थान) स्थित पंजीकृत कार्यालय में आयोजित बैठक में 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए गैर-लेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी, जो सीमित समीक्षा रिपोर्ट के अधीन हैं।

उपर्युक्त वित्तीय परिणाम, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट https://compucom.co.in/mdocs-posts/outcome-of-board-meeting_12-11-2025/ पर पोस्ट किए गए हैं और नीचे दिए गए त्वरित प्रतिक्रिया कोड (क्यूआर कोड) को स्कैन करके एक्सेस किया जा सकता है:

कम्प्यूकॉम सॉफ्टवेयर लिमिटेड के बोर्ड की ओर से
हस्ता/-
सुरेन्द्र कुमार सुराना
प्रबंध निदेशक (DIN: 00340866)

स्थान : जयपुर
दिनांक : 12 नवंबर, 2025

नोट: उपरोक्त जानकारी सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन 2015 के विनियमन 47(1) के साथ पठित विनियमन 33 के अनुसार है।